# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05 जून 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- अट्ठारहवीं लोकसभा के चुनाव में एनडीए गठबंधन को दो सौ इक्यानबे और इंडी गठबंधन को दो सौ छः सीटों पर मिली जीत। यूपी में भाजपा और उसके सहयोगी दलों को छत्तीस और सपा तथा कांग्रेस गठबंधन ने तिरालीस सीटों पर हासिल की जीत।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि तीसरे कार्यकाल में भी बड़े फैसलों का सिलसिला रहेगा जारी। जनकल्याणकारी, महिला सशक्तीकरण और विकास की योजनायें पहले की तरह चलती रहेंगी।
- नीट–दो हजार चौबीस का परीक्षा परिणाम जारी। सड़सठ विद्यार्थियों को मिले सौ फीसदी अंक इनमें चौदह छात्रायें भी शामिल।
- आज से फिर बदलेगा मौसम का मिजाज़। लू चलने की सम्भावना।

**********

लोकसभा के लिए हुए चुनाव में एनडीए गठबंधन को दो सौ इक्यानबे सीटे मिली हैं, जिसमें भाजपा को दौ सौ चालीस सीटो पर जीत हासिल हुई हैं। इंडी गठबंधन को दौ सौ छै सीटों पर जीत हासिल करने में सफलता मिली है। कल शाम चुनाव परिणाम आने के साथे ही सरकार बनाने के लिए दिल्ली में बैठकों का सिलसिला शुरू हो गया। वहीं प्रदेश में इस बार चौकाने वाले नतीजे आए हैं। भाजपा और उसके सहयोगी दलों को अस्सी सीटों में से आधे से भी कम छत्तीस सीटो पर जीत मिली है जबकि समाजवादी पार्टी को सैंतीस और कांग्रेस की छह सीटो के साथ इंडी गठबंधन तीरालीस सीटे जितने में सफल रहा है। भाजपा को दौ हजार चौदह में अकेले इक्हत्तर तथा दो हजार उन्नीस में बासठ सीटे मिली थी। बसपा वर्ष दो हजार चौदह की तरह यह चुनाव भी अकेले लड़ी, लेकिन इस बार उसे एक सीट भी नही मिली है। बसपा ने दो हजार उन्नीस का चुनाव सपा से गठबंधन कर लड़ा जिसमें उसे दस सीटे मिली थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ से लगातार तीसरी बार चुनाव जीते हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस समाजवादी पार्टी गठबंधन के प्रत्याशी अजय राय को एक लाख बावन हजार पांच सौ तेरह मतों से हराया है। श्री मोदी को छह लाख बारह हजार नौ सौ सत्तर मत प्राप्त हुए। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय को चार लाख साठ हजार चार सौ सत्तावन मत मिले।

इस बार केन्द्रीय मंडलमंत्री में शामिल कई मंत्रियों को हार का सामना करना पड़ा है। राहुल गांधी की जीत के साथ ही कांग्रेस रायबरेली सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखने में कामयाब रही। अमेठी में गांधी परिवार के करीबी किशोरी लाल शर्मा ने केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को हरा दिया है। मथुरा लोकसभा सीट से हेमामालिनी, गोरखपुर से भाजपा के रवि किशन, बांसगांव से कमलेश पासवान, महराजगंज से पंकज चौधरी, डुमरियागंज से जगदम्बिका पाल, कुशीनगर से विजय दुबे, देवरिया से शशांक मणि त्रिपाठी, भदोही से डॉक्टर विनोद कुमार बिंद और मिर्जापुर से अपना दल की अनुप्रिया पटेल ने जीत हासिल की है। कैसरगंज लोकसभा सीट पर भाजपा के करण भूषण सिंह ने एक लाख अड़तालीस हजार आठ सौ तिरालीस मतों से जीत हासिल की है। वहीं, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव कन्नौज से, डिम्पल यादव मैनपुरी से धमेन्द्र यादव आजमगढ़ से, अक्षय यादव फिरोजाबाद और आदित्य यादव बदायूं से, राम प्रसाद चौधरी बस्ती, लक्ष्मीशंकर निषाद संतकबीरनगर, राजीव राय घोसी, रमाशंकर राजभर सलेमपुर, सनातन पाण्डेय बलिया, दरोगा प्रसाद लालगंज, छोटेलाल खरवार राबर्ट्सगंज, अफजाल अंसारी गाजीपुर, बाबू सिंह कुशवाहा जौनपुर से और वीरेन्द्र सिंह चन्दौली से चुनाव जीतने में सफल रहे। सीतापुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी राकेश राठौर ने अपने निकटतम प्रत्याशी भाजपा के राजेश वर्मा को हराया है। अयोध्या जिले की लोकसभा सीट फैजाबाद पर समाजवादी पार्टी प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने जीत हासिल की है।

राहुल गांधी ने दिल्ली में प्रेसवार्ता कर उत्तर प्रदेश की जनता का आभार जताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता ने अपनी राजनीतिक समझ का परिचय दिया है और संविधान को बचाने के लिये मतदान किया है।

प्रदेश में चार सीटों पर हुए उपचुनाव में से दो सीटों पर सपा और दो सीटों पर भाजपा जीत हासिल करने में कामयाब रही। ददरौल से भाजपा के अनिल कुमार सिंह, लखनऊ पूर्वी से ओपी श्रीवास्तव तो वहीं गैसड़ी से सपा के राकेश कुमार यादव और दुद्धी से विजय सिंह को जीत मिली।

**********

लोकसभा चुनाव दो हजार चौबीस के मंगलवार को आए नतीजों में बहुजन समाजपार्टी को बड़ी निराशा मिली है प्रदेश की अस्सी लोकसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने वालीबसपा इसबार के चुनाव में खाता भी नहीं खोल सकी। दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव में प्रदेश की दस सीटों पर बसपा ने जीत हासिल की थी तब सपा के साथ पार्टी का गठबंधन था वहीं पश्चिमी यूपी की नगीना सीट से आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर ने जीत हासिल की है।

**********

लगातार तीसरी बार राजग के स्पष्ट बहुमत से जीत हासिल करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों से जारी जनकल्याणकारी, महिला सशक्तीकरण और विकास की योजनाओं को जारी रखा जायेगा। विकसित भारत के निर्माण का संकल्प दोहराते हुए उन्होंने कहा कि यह रूकने का और थमने का समय नहीं है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। पिछली बार की तुलना में कम सीटें मिलने पर श्री मोदी ने कहा कि भाजपा ने अकेले जितनी सीटें जीती हैं, उतनी सीटें एकजुट विपक्ष भी नहीं जीत पाया। उन्होंने अरूणाचल प्रदेश, सिक्कीम, ओडिशा और आन्ध्र प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा और सहयोगी दलों की जीत का हवाला देते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। श्री मोदी ने कहा कि इन राज्यों में कांग्रेस पूरी तरह समाप्त हो गयी है। हालत ये है कि उनके उम्मीदवारों के लिये जमानत बचाना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने केरल में पहली बार एक सीट पर जीत को कई पीढ़ियों से कार्यकर्ताओं के संघर्ष और बलिदान का परिणाम बताया। चुनाव प्रक्रिया पर विपक्ष के लगातार हमलों के बीच निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने के लिये चुनाव आयोग का आभार जताते हुए प्रधानमंत्री ने आयोग की प्रसंशा की और दुनिया में भारत की साख में आयोग को चार चांद लगाने वाला बताया। प्रधानमंत्री ने साफ किया कि यह जनादेश पिछले दस वर्षों से उनके नेतृत्व में राजग सरकार की नीतियों के प्रति जनता को समर्थन है।

श्री मोदी ने राजग की तीसरी बार की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि उन्नीस सौ बासठ के बाद पहली बार लगातार दो बार सत्ता में आने के बाद तीसरी बार किसी सरकार को जीत मिली है। प्रधानमंत्री ने विहार और आन्ध्र प्रदेश में राजग के शानदार प्रदर्शन का श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और चन्द्रबाबू नायडू को दिया। अपनी मां के निधन के बाद पहली बार चुनावी जीत को भावुक पल बताते हुए श्री मोदी ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान माताओं–बहनों से मिले प्यार ने मां की कमी नहीं महसूस होने दिया। उन्होंने कहा कि तिसरे कार्यकाल में भी बड़े फैसलों का दौर जारी रहेगा। इसका नया इतिहास बनेगा यह मोदी की गारंटी है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्र में एनडीए की तीसरी बार सरकार बनने पर जनता का आभार जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि जनता ने लगातार तीसरी बार एनडीए को स्पष्ट बहुमत प्रदान किया है। अरूणाचल प्रदेश, ओडिशा और आन्ध्र प्रदेश में एनडीए को पूर्ण बहुमत का जनादेश प्राप्त हुआ है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति, नेतृत्व और निर्णयों पर देश की जनता के विश्वास की मुहर है। उन्होंने सभी विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई दी है और भाजपा–एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**********

एमबीबीएस समेत मेडिकल के विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिये हुयी नीट यूजी दो हजार चौबीस में सड़सठ विद्यार्थी सौ फीसदी अंक हासिल करने में कामयाब रहे। कुल सात सौ बीस में से सात सौ बीस अंक पाने वालों में चौदह लड़कियां भी शामिल है। इन्हें पहली रैंक मिली है। परीक्षा में इन सभी छात्रों के अंक समान होने के कारण सभी को एक समान नीट रैंक एक दिया गया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा परिणाम निर्धारित समय से दस दिन पहले मंगलवार को जारी कर दिये गये। पहले चौदह जून को परिणाम घोषित किये जाने वाले थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने अधिकृत पंजीकरण नम्बर और पासवर्ड के साथ स्कोर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

एनटीए ने पांच मई को परीक्षा ली थी, जिसमें तेइस दशमलव पैंतीस लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें दस ट्रांसजेंडर समेत तेरह लाख सोलह हजार दो सौ अड़सठ विद्यार्थी सफल रहे हैं।

**********

पिछले चौबीस घंटों में पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बलरामपुर और बस्ती जिले के साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश के भी कई जिलों में हल्की से लेकर मध्यम वर्षा हुई है। बारिश के कारण कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से भी थोड़ी देर के लिए राहत मिली। इस बीच, मौसम विज्ञान विभाग ने आज प्रदेश के कई जिलों में लू चलने की संभावना जतायी है। विभाग के अनुसार आज भी कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बारिश हो सकती है।

**********